हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35 .4 डिग्री
न्यूनतम 10 .8 डिग्री

12 762 सरकारी स्कूलों में शुरू हुआ प्रवेश उत्सव


12 नया विकल्प कर्मचारियों के भविष्य के लिए बेहद घातक


## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से पिता की मौत और पुत्र घायल

**पानीपत।** गांव जलालपुर मोड़ पर तेज रफ्तार काली कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार पिता 80 वर्षीय बिशंबर व इसका पुत्र बलबीर मूल निवासी गांव रिशपुर हाल निवासी गांव सनौली खुर्द सडक पर गिर कर घायल हो गए। दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बिशंबर को मृत घोषित कर दिया। इधर नौली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बिशंबर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### पुलिस ने नकदी समेत तीन जुआरी पकड़े

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में सोनू पुत्र सोमपाल, विकास पुत्र पाले राम, गोपाल पुत्र किशनपाल निवासी पुरेवाल कालोनी, कच्चा कैंप क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने का सामान गिट्टी इत्यादी व दाव पर लगी 3600 रूपए की नगदी बरामद की है। थाना किला प्रभारी सुरेश ने बताया कि आरोपियों पर गेम्बलिग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**पानीपत।** हरिबाग कॉलोनी निवासी परविंदर आजाद से साइबर ठगों ने 31 लाख रुपये की ठगी कर ली। इधर, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में परविंदर आजाद ने बताया कि 25 नवंबर को उसे एक कॉल आई। जिसे उसे वॉट्सऐप ग्रुप में एड करवाया। उस ग्रुप में इंवेस्टमेंट में अधिक रिटर्न के बारे में बताया गया। ग्रुप का नाम पिन अलायंस फॉर वेल्थ बिल्डिंग था। एडमिन का नाम मानसी जैसवाल है। ग्रुप में उसे वेरिफाइड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का यकीन दिलाया गया। जिसके झांसे में आकर उसने अलग-अलग 12 खातों में कुल 31 लाख 4 हजार 348 रुपए भेज दिए।

### शराब की अवैध दुकान चलाने का आरोपी काबू

**पानीपत।** थाना मतलौडा प्रभारी ट्रेनिज डीएसपी ज्योति ने बताया कि रविंद्र पुत्र रणधीर निवासी गांव एचरा खुर्द जिला जींद के अवैध तरीके से शराब की दुकान चलाने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने अंग्रेजी व देशी शराब की 90 बोतल बरामद की। वहीं रविंद्र के खिलाफ थाना मतलौडा में केस दर्ज किया गया है।

### कार में लिफ्ट लेकर लूट का प्रयास विफल

**पानीपत।** निकटवर्ती गांव सिवाह में खेल स्टेडियम के पास सोमवार को दिनदहाड़े जयकिशन निवासी गांव रिसालू से उसकी कार छीनने की चेष्टा की गई। कार में लिफ्ट लेकर बैठे बदमाशों ने जयकिशन की आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया। वहीं, जयकिशन ने कार को ऑटो स्विच ऑफ मोड़ पर कर दिया। इससे कार बंद हो गई। हालांकि बदमाशों ने कार लूटने की कोशिश भी की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। राहगीरों को देखकर बदमाश मौके से फरार हो गए।

### उधार फल नहीं देने पर पिता व पुत्र से मारपीट

**पानीपत।** गांव खंडरा निवासी गौरव शर्मा व इसके पिता महेंद्र को उधार फल नहीं देने पर इसकी गांव के निवासी कर्मवीर व इसके दो पुत्रों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने महेंद्र को जेली मारी। इधर, गौरव की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने कर्मवीर व इसके पुत्रों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मारी, दो घायल

**पानीपत।** गांव शाहपुर अड्डे के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गांव बुआना लाखु निवासी धर्मवीर उर्फ सोलू व सुरेश कुमार घायल हो गए। वहीं घायलों को राहगीरों की मदद से पीजीआई खानपुर में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

---

### अमन उर्फ गप्पू के हत्यारोपी को काबू करने में मिली सफलता

# 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी बंटी कौशल गिरफ्तार

## तीन साल से चल रहा था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- महिला समेत सात आरोपियों की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी

चर्चित अमन उर्फ गप्पू हत्याकांड में तीन साल से भगौड़े घोषित कुख्यात अपराधी विक्रम उर्फ बंटी कौशल को सीआईए स्टाफ टू ने काबू कर लिया है।

तीन साल से फरार चल रहे इस अपराधी पर पुलिस ने पचास हजार का ईनाम घोषित किया था। बंटी कौशल की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल की रिकवरी व दूसरे पहलुओं पर पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को सात दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक महिला पत्रकार समेत कई आरोपियों को पकड़ चुकी है।



अंबाला। कुख्यात बंटी कौशल को अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस।

### मिशन अस्पताल में अंजाम दी थी वारदात

अंबाला छावनी के रहने वाले अमन उर्फ गप्पू की हत्या अंबाला शहर के मिशन अस्पताल में 26 फरवरी 2022 को कर दी गई थी। गैंगस्टर राकेश बॉबी की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे कुख्यात अपराधी बंटी कौशल ने अमन को मिशन अस्पताल में पांच गोलियां मारी थी। अमन को बंटी ने हत्या की नीयत से यहां दाखिल महिला के जरिए अस्पताल में बुलाया था। अस्पताल में आए अमन उर्फ गप्पू को यहां पहले से ही मौजूद बंटी कौशल मिल गया। इसके बाद बंटी उसे मारपीट करते हुए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से बाहर ले आया। तब उसने अस्पताल परिसर में ही गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बंटी अपने गाड़ी में फरार हो गया था।

#### महिला भी शामिल

अमन के परिजनों का आरोप था कि महिला पत्रकार ने साजिश के तहत अमन को मिशन अस्पताल में बुलाया था। बाद में बंटी कौशल ने उसे गोली मार दी। पुलिस को महिला पत्रकार के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले थे। इसी आधार पर पुलिस ने रीटा शर्मा के साथ उसके भांजे विकास शर्मा को भी आरोपी मानते हुए गिरफ्तार किया था। हालांकि तीन साल से बंटी कौशल मामले में फरार चल रहा था। बंटी कौशल पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था। तब पुलिस ने उस पर पचास हजार रुपये का ईनाम घोषित किया । बंटी पर हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत 12 मामले दर्ज हैं।

---

### बहला-फुसला कर महिला से ठगे टॉप्स और सोने की अंगूठी

**यमुनानगर।** शहर के मीरा बाई बाजार में खरीददारी करने गई महिला ठगी का शिकार हो गई। तीन लड़कों व एक लड़की ने महिला को बहला फुसला कर उससे सोने के टॉप्स व अंगूठी ठग ली। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लड़कों व लड़की के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- तीन लड़कों व एक लड़की ने दिया घटना को अंजाम

जानकारी के अनुसार शहर की प्रेम नगर कॉलोनी गली नंबर सात निवासी रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रविवार को शहर के मीरा बाई बाजार में खरीददारी करने के लिए गई थी। इस दौरान उसे वहां पर तीन लड़के व एक लड़की मिली। आरोपियों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे बहला फुसला कर उससे कानों के टॉप्स व सोने की अंगूठी निकलवा ली। इसके बाद आरोपी उसे टॉप्स व अंगूठी लेकर मौके से चले गए। उनके जाने के बाद जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लड़कों व लड़की के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# स्टॉक मार्केट के नाम पर युवक से ठगे 8.61 लाख

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में निवेश करने के नाम पर जम्मू कालोनी निवासी मुकेश कुमार से आठ लाख 61 हजार रुपये ठग लिए गए। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जम्मू कालोनी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसने 13 दिसंबर 2024 को फेसबुक पर स्टॉक ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा। जब उसने विज्ञापन को ओपन किया तो वह सीधा व्हाट्सएप ग्रुप एसएमसी ग्लोबर सिक्योरिटी वीआईपी में जुड़ गया। इस ग्रुप में प्रतिदिन स्टॉक मार्केट के बारे में टिप्स दिए जाते थे। जब उनसे बातचीत की तो उन्होंने अलग से एसएमसी नोटिफिकेशन नाम के गुरप में एड कर लिया आरोपियों ने उससे बैंक खाता, पैन कार्ड आदि की डिटेल ली। 19 दिसंबर को एप पर एक लिंक भेजा गया। जिसके बाद एसएमसी एप्लीकेशन का पेज खुला। उसने उसे मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन किया। एक ओटीपी भी आया। जिसके बाद दस हजार रुपये का स्टॉक खरीदने को बोला गया। एप पर दिए अकाउंट नंबर पर यह पेमेंट कर दी। जिसके बाद एसएमसी एप्लीकेशन पर प्रॉफिट के 996 रुपये दिखने लगे। इसके बाद कहा गया कि यदि ब्लॉक डील में रुपये निवेश करोगे तो 40 प्रतिशत तक लाभ होगा। इस तरह से ठगों के जाल में फंसकर अलग-अलग कर रुपये निवेश कर दिए। एप्लीकेशन पर आठ लाख 61 हजार रुपये निवेश किए थे। जिसके लाभ सहित 17 लाख पांच हजार रुपये दिखते रहे। जब इस राशि को निकालने लगा तो दस प्रतिशत बतौर कमीशन के रूप में 93 हजार 773 रुपये जमा कराने को कहा गया। यह रुपये भी उनके पास जमा करा दिए गए। इसके बाद जब रुपये निकालने लगा तो वह नहीं निकले।

#### नाम का गलत इस्तेमाल

पीड़ित युवक बाद में कंपनी के दिल्ली पूसा रोड स्थित कार्यालय में गया तो वहां पता लगा कि इस नाम का गलत इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की जा रही है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# टॉस्क पूरा कर लाभ कमाने का लालच देकर युवक से ठगे 10.57 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया केस दर्ज
- टैक्स के पैसे जमा न करवाने पर आरोपियों ने ग्रुप से बाहर किया

साइबर ठगों ने टॉस्क पूरा कर प्रोफिट कमाने का लालच देकर गांव फतेहपुर निवासी सचिन कुमार से 10.57 लाख रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साबइर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गांव फतेहपुर निवासी सचिन ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक दिन उसके मोबाइल एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह सीधे टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। वहां पर उसकी बात होने लगी। आरोपियों ने उसे टॉस्क पूरा करके प्रोफिट कमाने का लालच दिया। पहले आरोपियों ने उसे आसान टॉस्क दिए। जिसे उसने आसानी से पूरा कर दिया। इसके बाद उसके ऑनलाइन अकाउंट में प्रोफिट दिखाई देने लगा। इसके बाद आरोपियों ने उसे टॉस्ट के नाम पर पैसे जमा करवाने को कहा। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उनके द्वारा बताए गए अकाउंट में पैसे जमा करवा दिए। इस दौरान आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके टॉस्क देने के नाम पर 10 लाख 57 हजार रुपये जमा करवा लिए। जब वह अपने प्रोफिट को निकालने लगा तो प्रोफिट के पैसे नहीं निकले। आरोपियों ने प्रोफिट के पैसे निकालने के लिए टैक्स के रूप में पैसे जमा करवाने को कहा। मगर उसने पैसे जमा करने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया। उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

# 11 माह बाद यमुना के रेत में दबा मिला व्यापारी का शव

- परिजनों ने कपड़ों से की पहचान मई 2024 से लापता था व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मई 2024 में लापता हुए गांव भूड़ माजरा निवासी कपड़ा व्यापारी अमित (36) का शव मंगलवार को गांव बेगमपुर पावर हाउस के पास पश्चिमी यमुना नहर में रेत में दबा मिला। मंगलवार को सफाई के दौरान कर्मचारियों को शव बरामद हुआ। परिजनों ने कपड़ों से मृतक की पहचान की।

बताया जा रहा है कि अमित प्रतापनगर में कपड़े की दुकान करता था। मई 2024 में दुकान बंद करने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस तभी से



यमुनानगर। सिविल अस्पताल में 11 माह बाद मिले शव के मामले में जानकारी देते जांच अधिकारी।

गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश में जुटी थी। जांच अधिकारी सुखविंद्र सिंह ने बताया कि गांव भूड़ माजरा निवासी अमित प्रतापनगर में कपड़े की दुकान करता था। वह प्रतिदिन देर शाम दुकान बंद करके अपने घर चला जाता था। अमित विवाहित था और उसके पास दो बच्चे है। मई 2024 में एक दिन अमित दुकान बंद करके अपने घर नहीं पहुंचा।

परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि गांव बेगमपुर के पावर हाउस के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर की सफाई का काम चल रहा है।

#### सफाई के दौरान मिला शव

सफाई के दौरान कर्मचारियों को एक शव रेत में दबा हुआ मिला। कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। शव पूरी तरह से नष्ट हो चुका था। शव के स्थान पर केवल कंकाल था और कपड़े डले हुए थे। परिजनों द्वारा बताए गए कपड़ों के आधार पर उन्होंने अमित के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर कपड़ों से उसकी शिनाख्त की। परिजनों ने पुलिस ने शव का डीएनए टैस्ट करवाने की भी मांग की।

---

# भूसे में छुपाकर लाई जा रही 5400 बोतल शराब जब्त

- शराब तस्करी में आरोपी ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने शराब तस्करी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने ट्रक में छिपाकर ले जाई जा रही 450 पेटी (कुल 5400 बोतल) अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। अब पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में ट्रक सहित आरोपी को काबू किया है।

शराब की तस्करी करने वालों के पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान थाना सदर पुलिस ने जींद के गांव रामकली के रहने वाले



आरोपी आशीष को ट्रक नंबर यूके-04-सीसी-0793 समेत काबू किया था। आरोपी ट्रक में शराब लोड़कर ले जा रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस को ट्रक से 9600 पव्वे अंग्रेजी व 3000 बोतल अंग्रेजी (कुल 5400 बोतल) शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

#### पंजाब से ली शराब

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ट्रक में धान के भूसे के कट्टों के नीचे भारी मात्रा में पंजाब से शराब भर कर ले जा रहा था। इसी वजह से थाना सदर पुलिस को इसकी भनक लग गई। पुलिस ने तुरंत ही कालू माजरा कट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान ही पुलिस ने भूसे से लदे ट्रक को रोक लिया।

---

# साइक्लोथॉन यात्रा 5 से 27 अप्रैल तक

- साइक्लोथॉन यात्रा 17 अप्रैल को पहुंचेगी करनाल, जिले में किया जाएगा भव्य स्वागत : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करनाल में 17 अप्रैल को साइक्लोथॉन यात्रा प्रवेश करेगी। यात्रा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और अधिकारियों को ड्यूटियां भी सौंपी गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में जगह-जगह पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त सोमवार को देर रात्रि लघु-सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वीसी के उपरांत जिला अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। मीटिंग से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विधायकों, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्षों, नवनिर्वाचित मेयर, नगर परिषद व नगरपालिका अध्यक्षों तथा जिला उपायुक्तों, पुलिस अध्यक्षों को बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नशे की रोकथाम को लेकर प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान के तहत 5 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जाएगी, हिसार जिला से साइक्लोथॉन यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा जोकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा जिला में डबवाली तक 27 अप्रैल को पहुंचेगी।

#### युवाओं को जागरूक करें

उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों को आह्वान किया कि नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को जन आंदोलन बनाएं और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस यात्रा में शामिल किया जाए ताकि जन जागरण अभियान के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जाए और प्रदेश नशा मुक्त बने।

---

### पीईए व एचईपीसी ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री को ज्ञापन सौंपा

# नए टैरिफ प्लान से टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स परेशान

- पानीपत से एक्सपोर्ट होने वाले टेक्सटाइल उत्पादों का आधा अमेरिका में होता है निर्यात
- टेक्सटाइल एक्सपोर्टर ने आयात शुल्क कम करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अमेरिकी सरकार का नया टैरिफ प्लान यानि आयात शुल्क, पानीपत के विश्वविख्यात टेक्सटाइल उद्योग को प्रभावित कर रहा है। अमेरिकी टैरिफ के नए प्लान को लेकर पानीपत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टर काफी चिंतित हैं।

स्मरणीय है कि पानीपत में तैयार होने वाले 38 प्रतिशत टेक्सटाइल प्रोडक्ट अकेले अमेरिका को ही



एक्सपोर्ट किया जाता है। अगर अमेरिकी सरकार ने अपने टैरिफ प्लान में पानीपत टेक्सटाइल उद्योग का ध्यान नहीं रखा तो कपडा उद्योग को भारी आर्थिक नुकसान होगा। इधर, पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी) के जरिए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि के मुदे को लेकर ज्ञापन सौंपा है और इस मामले में सहयोग की अपील की है।

हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद व पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित गोयल ने कहा कि अमेरिका, पानीपत में बनने वाले टेक्सटाइल उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है, जो वर्ल्ड मार्केट के लिए कुल खेप का लगभग 50 प्रतिशत आयात करता है। टेक्सटाइल प्रोडक्ट का निर्यात प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने बताया कि पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की ओर से उन्होंने, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को ज्ञापन सौंप कर अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए गए नए टैरिफ को कम करने की अपील की है। वहीं, गोयल ने कहा कि ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ की घोषणा निर्यातकों के लिए चिंता का विषय है।

#### ये होते हैं निर्यात

पानीपत से अमेरिका को कुशन, बैडशीट, बैड कवर, टॉप बैड आइटम, बाथ मैट, कारपेट, दरिया, विभिन्न प्रकार के कंबल आदि का निर्यात किया जाता है। वहीं अमेरिका, पानीपत का सबसे बडा ग्राहक देश है। जबकि पानीपत से यूरोपीय, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका महाद्वीप के देशों को टेक्सटाइल उत्पादों का निर्यात किया जाता है। अनुमान के तहत पानीपत से विदेशों में करीब 22 हजार करोड रूपये का एक्सपोर्ट किया जाता है।

---

# नाबालिग लड़की के साथ किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

- आरोपी ने किशोरी पर शादी करने का बनाया दबाव, मना करने पर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसला कर नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी युवक ने पीड़िता पर शादी करने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच की तथा जान से मारने की धमकी दी।

परेशान होकर लड़की ने घटना के बारे परिजनों को बताया। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की स्कूल में पढ़ती है। जहां पर उसकी मुलाकात रमन कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसकी लड़की को अपने प्रेम जाल में फसा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसे बहला फुसला कर उसके साथ कईं बार दुष्कर्म किया। आरोपी युवक उसकी लड़की पर शादी करने का दबाव बनाने लगा। जब उसकी लड़की ने आरोपी को मना किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की ने परेशान होकर घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## प्रमुख रेलगाड़ियों के यमुनानगर जगाधरी स्टेशन पर ठहराव की मांग



■ भावनगर एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस व बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत रोजाना तेरह गाड़ियां गुजरती हैं

**यमुनानगर।** उद्योग व्यापार मण्डल हरियाणा के सदस्यों ने यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर प्रमुख गाड़ियों के ठहराव की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में जगाधरी रेलवे वर्कशॉप में कार्यक्रम में भाग लेने आए आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (नार्दन रेलवे) यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्र को मांग पत्र सौंपा है। मंडल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में दर्जन भर सदस्य आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्र से मिले। उन्होंने मौके पर मिश्र को सौंपे मांग पत्र में कहा कि यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन से भावनगर एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस व बेगमपुरा एक्सप्रेस समेत रोजाना तेरह गाड़ियां गुजरती हैं। मगर इन गाड़ियां को यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से जिले के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### खनन विभाग की अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी

## 1692 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन सीज तथा सात वाहनों के किए गए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

खनन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। विभाग द्वारा बीती रात चैकिंग अभियान के तहत 1692 वाहनों की जांच की गई। जिसमें से एक वाहन को सीज किया गया। जबकि सात वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान विभाग द्वारा आरोपी वाहनों पर चार लाख 32 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

**लगाया चार लाख 32 हजार का जुर्माना**



यमुनानगर में चैकिंग अभियान के तहत वाहनों की जांच करती टीम।

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उपायुक्त ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

**वाहन सीज किया**

उपायुक्त ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 946 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 169 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 466 वाहनों की चैकिंग के दौरान सात वाहनों का चालान कर छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 111 वाहनों की चैकिंग की गई।

**खबर संक्षेप**



### 35 लाख रुपये की छात्रवृत्ति की वितरित

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में जमना ऑटो इंडस्ट्रीज की सीएसआर इकाई के सहयोग से वार्षिक छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। जिसमें 550 मेधावी छात्रों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 35 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। समारोह में सीटीएम पीयूष गुप्ता, कॉलेज प्रबंध समिति के विशिष्ट सदस्य मेजर राजिंदर सिंह भट्टी, उपाध्यक्ष सरदार बलवंत सिंह बंगा, आदि मौजूद रहे। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सीटीएम पीयूष गुप्ता ने शैक्षणिक और खेल उत्कृष्टता के लिए कॉलेज की प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मेजर राजिंदर सिंह भट्टी ने छात्रों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया ।

### स्वच्छ यमुनानगर-जगाधरी अभियान की निगम आयुक्त ने की शुरुआत

## सड़क किनारे खाली पड़े प्लाट की फेंसिंग कराए मालिक, नहीं तो निगम करवाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की सड़कों के किनारे खाली पड़े प्लॉटों की सफाई, फेंसिंग या चारदीवारी के लिए निगम ने बड़ा फैसला लिया है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सड़क किनारे खाली पड़े प्लाटों के मालिकों को प्लाटों की फेंसिंग या चारदीवारी कराने के निर्देश जारी किए है। यदि प्लाट मालिक स्वयं फेंसिंग या चारदीवारी नहीं कराता तो नगर निगम प्लाट की स्वयं फेंसिंग कराएगा और इस पर आया खर्च प्लाट मालिक की प्रॉपर्टी आईडी में जोड़कर उससे वसूल किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने स्वच्छ यमुनानगर-जगाधरी अभियान की शुरुआत के दौरान दी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने शहर को साफ, सुंदर व स्वच्छ बनाने को लेकर सेक्टर 17 स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से अभियान की शुरुआत की। उन्होंने श्री राधा कृष्ण मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद के पास खाली पड़े प्लाट की सफाई कराई। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने मंदिर की दीवार पर निगम द्वारा बनवाए गए स्वच्छ यमुनानगर-जगाधरी के लोगो का भी अवलोकन किया। साथ ही अधिकारियों को शहर की विभिन्न दीवारों लोगो की वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने श्री कृष्णा धर्मार्थ सभा के सदस्यों से शहर को साफ, सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि आगामी 15 दिन तक शहर में स्वच्छ यमुनानगर-जगाधरी अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान शहर के सभी मार्गों, सार्वजनिक स्थानों, कॉलोनियों में अभियान चलाकर सफाई की जाएगी। सड़कों किनारे उगे घास, जमा गंदगी को साफ किया जाएगा। शहर को सुंदर बनाने की दिशा में भी अनेक कार्य किए जाएंगे। शहर के मुख्य मार्गों के किनारे कुछ खाली प्लाट ऐसे है, जिनमें गंदगी पड़ी है। न ही इन खाली प्लाटों की चारदीवारी है और न ही इनकी फेंसिंग की हुई है। सड़क किनारे ऐसे प्लाट हमारे शहर की सुंदरता को भंग कर रहे है। दूसरे जिलों व राज्यों से आने वाले लोग भी खाली प्लाटों में जमा गंदगी देख आहत होते है। इन खाली प्लाटों के मालिकों को निर्देश दिए जाते है कि वह स्वयं अपने खाली प्लाट की सफाई कर उसकी फेंसिंग या चारदीवारी कराए। यदि वह ऐसा नहीं करता तो नगर निगम स्वयं उनके प्लाट की सफाई कर फेंसिंग या चारदीवारी कराएगा। इस पर आया पूरा खर्च प्लाट मालिक के प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर उससे वसूल किया जाएगा।



**यमुनानगर।** यमुनानगर श्री राधा कृष्ण मंदिर सेक्टर 17 की दीवार पर बनाए स्वच्छ यमुनानगर-जगाधरी के लोगो का अवलोकन करते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व

**खुले में कचरा डालने पर होगी कार्रवाई**

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि हमने काफी संख्या में खुले में कचरा डालने वाले प्वाइंट को बंद कर उनकी जगह गमले व बेंच रखवाए है। शहरवासी भी इसमें सहयोग दे रहे हैं। अभी भी शहर में कुछ ऐसे प्वाइंट है, जहां खुले में कचरा डाला जा रहे है। ऐसे स्थानों को कचरा मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इन प्वाइंट को भी बंद कर वहां गमले व बेंच रखे जाएंगे। यदि फिर भी कोई व्यक्ति खुले में कचरा डालता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बीते वित्त वर्ष में प्रॉपर्टी टैक्स के पैसों से करोड़पति बना नगर निगम

■ वित्त वर्ष में जमा हुआ 15 .52 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स

■ नगर निगम के अकाउंट में अंतिम सप्ताह में आए 3 .35 करोड़



नगर निगम आयुक्त आयुष सिंहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बीते वित्त वर्ष 2024-25 में प्रॉपर्टी टैक्स के पैसों से नगर निगम करोड़पति बन गया। वित्त वर्ष में नगर निगम के अकाउंट में प्रॉपर्टी टैक्स के 15.52 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। इसमे से 3.35 करोड़ रुपये अंतिम सप्ताह में आए है। अधिक मात्रा में प्रॉपर्टी टैक्स जमा होने से निगम अधिकारी भी खुश नजर आ रहे हैं। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर अधिक से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए अनेक प्रयास किए गए। एक लाख प्रॉपर्टी टैक्स से अधिक के बकाएदारों की संपत्ति सील कर टैक्स वसूला गया।

वहीं, निगम कर्मियों द्वारा बकाएदारों को फोन कर टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा 50 हजार से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के प्रॉपर्टी मालिकों को भी फोन कर टैक्स जमा कराने का आह्वान किया गया। जिसके चलते नगर निगम के पास 31 मार्च शाम पांच बजे तक लगभग 15 करोड़ 52 लाख रुपये के करीब संपत्ति कर जमा हुआ। हालांकि रात 12 बजे तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा हुआ। शनिवार, रविवार और सोमवार को ईद के अवकाश के दिन भी तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्र खुले रहे।

18 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज के बिना 31 मार्च तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि थी। शनिवार को निगम कार्यालयों में लगभग 77.72 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स जमा किया गया।

## बिजनेस के लिए सक्रिय दृष्टिकोण का होना जरूरी

### स्टार्टअप के लिए डीएवी गर्ल्स कॉलेज में चल रही कार्याशाला संपन्न

■ कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में छात्राओं को स्व रोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे पंद्रह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट व जूट बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम को.ओडिनेटर डॉ. अनीता मौदगिल व आईसीसी कनवीनर विवेक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, डॉ. अनीता मौदगिल ने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने के लिए छात्राएं जो उत्पाद व डिजाइन बनाएगीए उसका पेटेंट होना बेहद जरूरी है। इससे जहां उनका आइडिया सुरक्षित रहेगा। वहीं वे भविष्य में कभी भी उस पर काम शुरू कर सकती है। जबकि एक अन्य वक्ता विवेक ने छात्राओं को बिजनेस प्लान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के को.ओडिनेटर शोभित मैथानी, स्टेट हेड हरिमोहन, ट्रेनिंग पार्टनर रमन चावला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सुनीता कौशिक, निशी मदान, डॉ. मीनाक्षी सैनी, पारूल सिंह, ममता थापर, मनिका सेठी, डॉ. नताशा, कनिका गोयल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र प्राप्त कर खुशी जताते हुए प्रतिभागी छात्राएं।

**स्टार्टअप शुरू करने वालों को मिलेगी मदद**

*कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि स्व रोजगार के लिए नवाचार और रचनात्मकता जरूरी है। स्टार्टअप शुरू करने में चुनौतियों के साथ उतार चढ़ाव का सामना भी करना पडता है। किसी भी बिजनेस में सफल होने के लिए कडी मेहनत, दृढ संकल्प और सक्रिय दृष्टिकोण का होना बेहद जरूरी है। स्टार्टअप में निवेशकों की मदद के लिए बिजनेस आइडिया को परिभाषित करना जरूरी है। बाजार का अंनुसंधान के साथ विपणन रणनीति व व्यावसायिक ढांचा विकसित करना भी आवश्य है। उन्होंने कहा कि वर्कशाप में भाग लेने वाली 25 छात्राओं में से जो भी इनोवेटिव आइडिया के साथ अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहती हैं तो कॉलेज उसकी पूरी मदद करेगा।*

### ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में हुआ आयोजन

## हवन-यज्ञ के साथ की नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर सभी के लिए मंगलकामना की। स्कूल की प्रधानाचार्या रितु सिंगला ने बताया कि स्कूल परिसर में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ किया गया है। इस दौरान आर्य समाज से आये हुए विद्वान विक्रम आचार्य द्वारा विधि विधान से मन्त्रों के साथ स्कूल स्टाफ व बच्चों से हवन कराया गया और भगवान से सभी के लिए सद्बुद्धि की कामना की गई। शैक्षणिक सत्र शुभारंभ के अवसर पर सभी बच्चों द्वारा स्टाफ सहित हवन में आहुतियां डाली गई। स्कूल प्रबंधक समिति सहित सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा बच्चों पर आशीर्वाद स्वरुप पुष्प वर्षा की गई। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक ऐसा अंग है जो व्यक्ति को न केवल ज्ञान, कौशल व मनोदृष्टि प्रदान करती है।



**यमुनानगर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

■ जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ वार्षिक महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्वलित करके किया गया। वार्षिक महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में ट्रेसर हंट में शिदांत, राहुल, लक्ष्य एवं रोशन की टीम ने जीत हासिल की। फैन आर्ट में अर्चना व अल्फाज प्रतियोगिता में उदय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं डूडलिंग में जिया ने पहला व साखी प्रीत ने दूसरा स्थान हासिल किया तथा वेस्ट टू वाउ में वाणी ने बाजी मारी। ई स्पोर्ट्स में नवतेज ने प्रथम एवं आर्यन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इको मीम वॉर में अंजली विजयी रही। मुकंद शिक्षण संस्थानों के चेयरमैन अशोक कुमार ने वार्षिक आयोजन की हार्दिक बधाई देते हुए सभी आयोजकों व छात्रों के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सदैव परिवर्तन एवं नवनिर्माण की नींव रखने में अहम भूमिका निभाती है। संस्थान के निदेशक डॉ.एस के गर्ग ने सभी अतिथियों का संस्थान में स्वागत किया। उन्होंने संस्थान के प्रगति पथ और अग्रसर होने की अनेक उपलब्धियों का सम्पूर्ण ब्यौरा सबके सामने रखा।



यमुनानगर। इंजीनियरिंग कॉलेज आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शिक्षकों के लिए इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह विशेष सत्र आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर केंद्रित था। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में सचिन खुराना उपस्थित हुए।

इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण को अधिक प्रभावी, रचनात्मक और छात्र केंद्रित बनाना था। सचिन खुराना ने बताया कि आर्ट इंटीग्रेशन न केवल छात्रों की समझ को गहरा करता है बल्कि उनकी रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल को भी निखारता है।

उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से यह समझाया कि कैसे विभिन्न विषयों को कला के साथ जोड़कर पढ़ाई को अधिक रोचक और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने इंटरएक्टिव सेशंस में भाग लिया और अपनी शिक्षण तकनीकों को और अधिक नवाचारी बनाने के लिए नए विचारों और रणनीतियों पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर बिन्दु शर्मा ने कहा कि आज शिक्षा प्रणाली में नवाचार की आवश्यकता है।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो :हरिभूमि



**यमुनानगर।** यमुनानगर के सुरेंद्र हाई स्कूल में आयोजित इन हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते हुए अध्यपाक। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापकों को बताए हैप्पी क्लास रुम बनाए जाने के उपाय

**रादौर।** सुरेंद्रा हाई स्कूल हरनौल में अध्यापकों के लिए इन हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर से पीजीटी अध्यापक अमित सिंघल ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता पीजीटी अध्यापक अमित सिंघल ने अध्यापकों को हैप्पी क्लास रूम बनाए जाने के उपाय बताए। उन्होंने मौके पर अध्यापकों को शरारती बच्चों को कक्षा में कैसे संभालना है इस बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। अमित सिंघल ने गतिविधियों के माध्यम से सद्व्यवहार व दुर्व्यवहार के बीच अंतर बताया। उन्होंने शिक्षकों को हैप्पी क्लास रूम बनाने की पूरी गतिविधियां बताई। स्कूल प्रबंधक रणधीर चौधरी ने मुख्य वक्ता अमित सिंघल का कार्यक्रम में अध्यापकों को हैप्पी क्लास रुम बनाए जाने समेत अन्य जानकारियां दीं

### मंदिरों में मां के भक्तों ने चढ़ाए नारियल और चुनरी

## श्रद्धालुओं ने तीसरे दिन मां के चंद्रघंटा स्वरूप की आराधना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चैत्र शुक्लपक्ष के तीसरे नवरात्र पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। खास बात यह रही कि त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर में रोजाना आसपास के क्षेत्र समेत प्रदेश के अन्य जिलों से भी रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचकर मां के दर्शन कर उनकी कृपा प्राप्त कर रहे हैं। मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के तीसरे मनोहारी स्वरुप चंद्रघंटा की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में हजारों भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान भजन कीर्तन का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने मां का गुणगान किया।



**यमुनानगर।** यमुनानगर की सीमा स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर में दर्शन करने के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**भय से छुटकारा व शक्ति देती है मां चंद्रघंटा**

मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित रामेश्वर कौशिक ने बताया कि मां दुर्गा का तीसरा स्वरुप चंद्रघंटा है। इस स्वरुप के स्तवन मात्र से ही मनुष्य भय से मुक्ति प्राप्त कर शक्तिशाली बनता है। इस माता की अराधना करने से सभी संकटों से छुटकारा मिल जाता है। इस मां का स्वरुप हमें परम सुख व शांति की अनुभूति कराता है। मां के ज्योतिर्मयी स्वरूप का ध्यान जीवनी शक्ति का संवर्धन कराता है। यह माता अविवेक को दूर कर हमें प्रेम, स्नेह और वात्सल्य जैसी कोमल वृत्तियों की अनुभूति प्रदान करती है। हमारी भीतरी संवेदनाओं और आध्यात्मिक ज्ञान को जागृत कर आत्मकल्याण के मार्ग पर अग्रसर होने की शक्ति प्रदान करती है। इनके स्वरूप की अराधना करना जीवन के लिए काफी सुखदायी है।

## खबर संक्षेप



### नन्हे छात्रों पर पुष्प वर्षा कर मनाया प्रवेश उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कुमार द्वारा डेरा रामपुर सेक्टर 2 स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल सेक्टर 7 में प्रवेश उत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर अगली कक्षा में जाने वाले विद्यार्थियों और विद्यालय में नए दाखिल हुए विद्यार्थियों पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

### श्याम कालोनी में लगेगा नया ट्यूबवेल : गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग ने कहा कि श्याम कालोनी में लोगों को पीने के पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ ही पीने का शुद्ध जल उपलब्ध करवाया जाएगा। इस कॉलोनी में लोगों की समस्या को ठीक मानते हुए पुराने टयूबल को बंद कर दिया है और आगामी 7 दिनों में नया टयूबल लगा दिया जाएगा। इस टयूबल को लगाने के लिए टेंडर भी ओपन कर दिया गया है।

### तापमान में ठंड होने के चलते मंडी में अनाज आने में लगेगा समय

# गेहूं खरीद शुरू, पहले दिन एक भी किसान नहीं पहुंचा

## मंडी में साफ-सफाई, लाइट, पीने के पानी की व्यवस्था को किया दुरुस्त

- अनाज मंडी में दोनों गेटों पर गेट पास काटे जाएंगे
- एजेंसियों की ओर से बारदाने की व्यवस्था भी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा में मंगलवार से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। थानेसर अनाज मंडी में खरीद के पहले दिन किसान गेहूं लेकर नहीं पहुंचे। थानेसर अनाज मंडी सचिव का कहना है कि गेहूं खरीद को लेकर सारी तैयारियां की जा चुकी है। क्षेत्र के किसान गेहूं में नमी होने के कारण गेहूं बेचने मंडी नहीं आए हैं। दरअसल, पिछले कुछ सालों से प्रदेश में गेहूं की खरीद 20 अप्रैल के आसपास शुरू की जाती थी। इससे किसानों को काफी परेशानी होती थी, क्योंकि उनकी गेहूं की कटाई पहले ही हो जाती थी। यही कारण है कि इस साल किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसे देखते हुए सरकार ने इस बार गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से ही शुरू कर दी है। हालांकि तापमान में ठंडक होने के चलते अभी कुरुक्षेत्र में गेहूं कटाई में एक सप्ताह और लग सकता है।



थानेसर। अनाज मंडी।

### गेट पास की व्यवस्था की

धान खरीद को लेकर थानेसर अनाज मंडी सचिव हरजीत सिंह ने कहा कि गेहूं खरीद के लिए अनाज मंडी में हर तरह की व्यवस्था की गई है। साफ-सफाई, लाइट, पीने के पानी की व्यवस्था जैसी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है। मंडी की गेट पास को लेकर भी व्यवस्था बना ली गई है। अनाज मंडी में दोनों गेटों पर गेट पास काटे जाएंगे। सीसीटीवी की निगरानी में ही गेट पास काटे जाएंगे, ताकि कोई अव्यवस्था ना बने। खरीद एजेंसियों की ओर से बारदाने की व्यवस्था भी कर ली गई है। हालांकि अभी तक गेहूं अनाज मंडी में नहीं पहुंची है।

### 23 गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए

थानेसर अनाज मंडी सचिव हरजीत सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिले में 23 गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं। इस बार गेहूं डीएफएससी और हैफेड की ओर से खरीदी जाएगी, जो भी किसान अपने गेहूं की फसल लेकर आएगा, गेट पास काटने के बाद लोडिंग को लेकर भी व्यवस्था बना दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। समय के अनुसार किसानों की गेहूं की पेमेंट का भी भुगतान कर दिया जाएगा। इस बार गेहूं का मूल्य 2425 रुपए तय किया गया है।

# तीसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा के स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा

- श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर पुण्य कमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



कुरुक्षेत्र। माता बालासुंदरी मंदिर में थानाध्यक्ष जानपाल सिंह को एवं गोबिंदानंद आश्रम में गण्यमान्यजनों को सम्मानित करते आयोजक।

प्राचीन माता वाला सुंदरी मंदिर में तीसरा नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा माता की आरती, पूजा अर्चना एवं कन्या पूजन कर मनाया गया। यजमान सहित श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर पुण्य कमाया। पंडित निर्भय पांडे ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। आरती में विशेष रूप से पहुंचे सिटी थानाध्यक्ष जानपाल सिंह, ए.एस.आई. शिव कुमार को मंदिर कमेटी द्वारा माता का स्वरूप व चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। मंदिर में बीती संध्या आरती उपरांत श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक विचारों को सांझा करते हुए मंदिर के अग्रणी सेवादार श्रवण मंगला ने कहा कि मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है, धर्म शास्त्रों के अनुसार, मां चंद्रघंटा ने राक्षसों के संहार के लिए अवतार लिया था। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां समाहित हैं। ये अपने हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। इनके माथे पर घंटे के आकार में अध चंद्र विराजमान है। इसलिए ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की आराधना की जाती है।

### गोबिंदानंद आश्रम में भी रही नवरात्रि पर्व की धूम

वहीं दूसरी ओर श्री गोविंदानंद आश्रम में श्रीमहंत बंसी पुरी व महंत सर्वेश्वरी गिरि की अध्यक्षता में चल रहे पाठात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। महायज्ञ के तीसरे दिन नगर के कई गणमान्य लोगों द्वारा मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की गई। ज्योतिषाचार्य डा. अभिषेक कुश की अगुवाई में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रातः पूरे विधि-विधान से यजमनों की पूजा अर्चना करवाई गई। श्रीमहंत बंशी पुरी ने अपने प्रवचनों से संगत को निहाल किया। आयोजकों की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे गण्यमान्य जनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में हवन से हुआ नए सत्र का शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में नव सत्र आरंभ के अवसर पर हवन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष कर्नल एस.एन.शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक गुलशन कुमार ग्रोवर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय छात्रों ने भी हवन में सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधक ने छात्रों को हवन के महत्व के बारे में बताया। कर्नल एस.एन.शर्मा ने नव सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी को नव सत्र में नई उमंग, उत्साह व परिश्रम के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। एवं सभी आचार्यों एवं छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि छोटे-छोटे प्रयास से ही बड़ी सफलता प्राप्त की जाती है। हमें विद्यालय में अपना कर्तव्य कर्म पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार की गरिमामय उपस्थिति रही।

## न्यूज डायरी

### गांव हथीरा में नवीन संकल्प शिविर आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर हल्के के गांव हथीरा में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इस संकल्प शिविर में पेंशन, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने बताया कि आज नवीन संकल्प शिविर में 61 लोगों को परामर्श और निःशुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 4 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविरों में 28 लोगों की समस्याओं का समाधान व छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

### गीता कन्या विद्यालय में किया हवन यज्ञ



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नव शैक्षणिक सत्र आरंभ एवं हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हम लोगों को पूरे उत्साह के साथ नव संवत्सर का स्वागत, उपासन व पूजार्चन करना चाहिए। 57 वर्ष आगे है विक्रम संवत ग्रेगोरियन कैलेंडर से। यानि पूरे विश्व में जब वर्ष 2025 ईस्वी चल रहा है, तब हमारे सनातन कैलेंडर में वर्ष 2082 है। यानी एक पीढ़ी आगे। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक बलबीर शर्मा, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्या सुमन बाला तथा हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा प्रांत की योजना से पूर्ण कालिक कार्यकर्ता सोमदत्त उपस्थित रहे। प्रबंध समिति के सभी सदस्यों, आचार्यों तथा विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डाली। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, उपाध्यक्ष जितेंद्र जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य सौरभ त्रिखा एवं राजेश अग्रवाल, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी ने सभी को नव संवत एवं नव सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### सभी भक्त नवरात्रि में कन्या पूजन करें : शर्मा



**कुरुक्षेत्र।** नवरात्रों के तीसरे दिन माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में चतुर्थी के अवसर पर माँ कुष्मांडा की विशेष पूजा की गई। माँ भद्रकाली को नारंगी वस्त्रों में कुष्मांडा स्वरूप में सुसज्जित किया गया। महाआरती का आयोजन मुख्य पुजारिन श्रीमती शिमला देवी द्वारा किया गया, जिसमें पंचामृत, दूध, दही, शहद, गंगाजल, केसर और गुल से माँ का स्नान कराया गया और उनका दिव्य श्रृंगार किया गया। प्रात 6 बजे मंगला आरती के साथ मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए गए। आज की मंगला आरती के मुख्य अतिथि राकेश गर्ग कुरुक्षेत्र थे। पूजा के दौरान माँ कुष्मांडा को हरी इलाइची और सौंफ इत्यादि अर्पित किया गया। इसके पश्चात भक्तों ने /"ॐ कुष्मांडा देव्यै नमः/" मंत्र का जाप किया और भोग प्रसाद में मालपुए का भोग अर्पित किया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने माँ कुष्मांडा के स्वरूप और उनकी महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे ब्रह्मांड की रचनाकार मानी जाती हैं। देवी के आठ हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल पुष्प, कलश, चक्र, गदा और सिद्धियों तथा निधियों को देने वाली माला है।

### राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा कुरूक्षेत्र में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। उससे पहले सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया। स्कूल इंचार्ज सूबे सिंह ने बताया कि अवसर पर बाल वाटिका कक्षा में नए बच्चों का तिलक लगाकर एवं सरस्वती पूजन करके व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाल वाटिका कक्षा में नए दाखिले किए गए। पांचवी कक्षा जो आज छठी कक्षा में प्रवेश कर गए उन छात्रों को पंक्तिबद्ध करके पैदल मार्च करते हुए राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हथीरा में ले जाकर प्रवेश दिलवाया गया। वहां पर प्रधानाचार्य रमेश कुमार व उनके स्टाफ सदस्यों ने बच्चों का फूल माला, तिलक लगाकर व चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया।

# युवा नई चीजों को सीखें और जीवन में आगे बढ़ें: सांसद नवीन जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- केयू और मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में 17वें राष्ट्रीय युवा संसद आयोजित

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद में आयोजित 17वें राष्ट्रीय युवा संसद में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने छात्रों से पोलो मैच दिखाने का वादा किया था। सांसद नवीन जिन्दल के विशेष प्रयासों से छात्रों को दिल्ली के प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड में रोमांचक पोलो मैच देखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस पोलो मैच के दौरान सभी छात्रों को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर हमने इस यात्रा को विशेष रूप से प्रायोजित किया, जिससे छात्रों को न केवल पोलो खेल की बारीकियों को समझने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क का महत्व भी जानने का मौका मिला। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने छात्रों को मेहनत, लगन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा चाहता हूं कि हमारे युवा नई चीजों को सीखें और अपने जीवन में आगे बढ़ें।



### नीरज तंवर बने हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उप प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा साइकिलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी कुरुक्षेत्र निवासी नीरज तंवर हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उप प्रधान बने है। उनके नव निर्वाचित होने पर कुरुक्षेत्र व साइकिलिंग हरियाणा एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित सभी प्रशिक्षकों ने नव निर्वाचित उप प्रधान नीरज तंवर को बधाई और शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार भी व्यक्त किया है। कुरुक्षेत्र निवासी नीरज तंवर लंबे समय से साईकिलिंग एसोसिएशन से जुड़े हुए है। उनकी सेवाओं को जहन में रखते हुए गत कार्यकाल में भी हरियाणा ओलम्पिक एसोसिऐशन के पद पर रहे और अब हरियाणा ओलम्पिक एसोसिऐशन के उप प्रधान पद पर निर्वाचित हुए है।

# शिशु वाटिका में विद्यार्थियों का करवाया विद्यारंभ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



विद्या आरंभ संस्कार हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण 16 संस्कारों में से एक है इसे /"अक्षर अभ्यास/" या /"अक्षर आरंभ/" भी कहा जाता है। यह संस्कार बच्चों के जीवन में शिक्षा की पहली शुरूआत के रूप में किया जाता है इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की शिशु वाटिका में विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। सबसे पहले हवन का आयोजन किया गया तत्पश्चात पंडितजी ने मंत्र उच्चारण द्वारा नन्हे- नन्हे बच्चों से ॐ एवं स्वास्तिक बनवाकर विद्यारंभ संस्कार करवाया। तत्पश्चात सभी ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्या भारती हरियाणा के शिशु वाटिका विभाग पूर्णकालिक कार्यकर्ता सोमदत्त शर्मा, प्रबंध समिति के प्रबंधक बलवीर शर्मा, महिला प्रतिनिधि डॉ. अंजली शर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बाला, प्राथमिक विभाग प्रमुख रेखा सिंह आदि मौजूद रहे।

# राजकीय विद्यालय दुनिया माजरा में प्रवेश उत्सव का किया आयोजन

- गांव में अभिभावकों को विद्यार्थियों के नामांकन के लिए प्रेरित करें : जसबीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अध्यापक जसबीर सैनी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्टाफ सदस्य एस एमसी के सदस्यों एवं पंचायत का सहयोग लेकर गांव में अभिभावकों को विद्यार्थियों के नामांकन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने पर बधाई। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकगण नए बच्चों के प्रवेश के प्रतिदिन घर घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर रहे हैं। मंच का संचालन पंजाबी अध्यापक अमरजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर हरदेवेंद्र सिंह, जसमिन्दर सिंह, सविता सैनी, संदीप कुमार, विक्रम सिंह, एसएमसी सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांव धनौरा में खेल स्टेडियम का निर्माण महत्त्वपूर्ण कदम : गर्ग

- इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में प्रशासनिक स्तर की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



पवन गर्ग।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने हल्का लाडवा के ग्राम्यांचल में स्थित इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में आयोजित प्रशासनिक स्तर की ऐतिहासिक बैठक के आयोजन पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस बैठक के लिए कॉलेज का चयन न केवल सभी नगरवासियों, बल्कि कॉलेज परिवार के लिए भी गर्व का विषय है। यह लाडवा क्षेत्र के विकास में एक नई दिशा को दशार्येगा। वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने मुख्यमंत्री। रा की गई घोषणाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा क्षेत्र में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम का निर्माण एक महत्त्वपूर्ण कदम है। गांव धनौरा में प्रस्तावित इस खेल स्टेडियम के बन जाने से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा, साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। पवन गर्ग ने मुख्यमंत्री जी द्वारा पारित घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा लोगों के स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक संवेदनशील रहे हैं।

### प्रो. तेजेन्द्र नीदरलैंड में करेंगे अपना शोध प्रस्तुत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर तेजेन्द्र शर्मा नीदरलैंड के प्रसिद्ध मास्ट्रिक्ट विश्वविद्यालय में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने प्रो तेजेन्द्र शर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 6 देशों के वरिष्ठ शोधकर्ताओं की टीम ने जेन जी के बदलते मूल्यों पर शोध किया है। भारत के साथ इस टीम में कोरिया, कोलम्बिया, स्पेन, नीदरलैंड तथा अमेरिका के शोधकर्ताओं ने 6 देशों के 540 युवाओं का सर्वेक्षण कर उनमे बदलते मूल्यों को समझा। शोधकर्ताओं ने पाया कि भारत के युवाओं की सोच में भारी बदलाव आया है और वे स्किल तथा अपनी योग्यता पर विश्वास करते हैं और अपने उत्थान के साथ सामाजिक उत्थान को भी महत्व देते हैं।

### धूमधाम से मनाया वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**कुरुक्षेत्र।** गांव शांति नगर कुरड़ी में जय ओंकार आश्रम मॉ आदिशक्ति पीठ में स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं सदगुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वालों की अनुकंपा से श्रीमद् भगवती आदिशक्ति स्वयंभू महामाया मां का चतुर्थ नवरात्रे पर वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर को फूलों व विद्युतचलित लडियों से सजाया गया और मंदिर में विराजित महामाया की सवा 7 फुट ऊंची भव्य मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराकर सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की।

**कार्यक्रम** कुवि में रोस्ट्रम 2024-25 के विजेताओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# भाषा के साथ अपने संवाद में संवेदनाएं व भाव व्यक्त करना अच्छे वक्ता की पहचान: डॉ. प्रीतम

- प्रो. ओमवीर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि संवाद कला जितनी बारीकी से सीखनी पड़ती है उसी बारीकी से किसी भी विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी का अध्ययन करना पड़ता है। भाषा की जानकारी के साथ-साथ अपने संवाद में संवेदनाएं व भाव भी व्यक्त करना एक अच्छे वक्ता की पहचान है। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा रोस्ट्रम-2024-25 के विजेताओं के लिए आयोजित एक दिवसीय दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रो. ओमवीर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. प्रीतम सिंह ने छात्रों से आह्वान किया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार जो भी विषय देश, समाज अथवा विश्व को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से प्रभावित करता है उस पर अपनी अध्ययन से अपने विचार अवश्य व्यक्त करे। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता चंडीगढ़ से आई पेशेवर उद्घोषक पुनीता बावा ने कहा कि भाषण देना, व्याख्यान देना अपनी बात को कलात्मक और प्रभावशाली ढंग से कहने का तरीका है। इसमें अपने भावों को आत्मविश्वास के साथ नपे-तुले शब्दों में कहने की दक्षता प्राप्त कर व्यक्ति ओजस्वी वक्ता हो सकता है। भाषण ऐसा हो, जो श्रोता को सम्मोहित कर ले और वह पूरा भाषण सुने बिना सभा के बीच से उठे नहीं। अच्छा वक्ता बनने के लिए लेखन की तरह ही भाषण में भी तर्क, तथ्य प्रमाण, उदाहरण, अनुभव, इतिहास, परामर्श, मंथन आदि अनेक आधारों पर अवलंबन करने से ही, कुशल वक्ता बनने या कहलाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. ओमवीर सिंह, डॉ. अर्चना चौधरी सहित शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी राहुल उर्फ गोलू व पंकज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। डूरंड रोड के रहने वाले यशवंत ने 20 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके सरकारी आवास से आरोपी ने सोना जेवरात व मोबाइल चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय मे समाधान शिविर आयोजित किया गया। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान करवाया। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करें।

### हिसार से प्रारंभ होगी साइकिल यात्रा

**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों की मीटिंग लेकर बताया कि 5 अप्रैल को ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित साइक्लोथोन यात्रा - 2.0 का हिसार से आगाज किया जाएगा। यह यात्रा प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र को कवर करने का काम करेगी। इस साइकिल यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभाव बारे आमजन को जागरूक करते हुए जो भी नशे की गिरफत में उसे बाहर लाना है। सभी के सहयोग से पूरे प्रदेश को नशा मुक्त करना हैं।

### गांव शहजादपुर में मेले का आयोजन किया

**शहजादपुर।** गांव शहजादपुर में स्कूल रेडिनेस मेला का आयोजन महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मिक्षा रंगा के मार्गदर्श से किया गया। स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम बच्चों को स्कूल के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम बच्चों को शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक रूप से विकसित करने में मदद करता है। मेला का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चे स्कूल के लिए तैयार हो और माता-पिता अपने बच्चों के सीखने की क्षमता से अवगत हो।

### मुनाफे का लालच दे ठगे चार लाख 12 हजार रुपये

**कैथल।** शहर के एक युवक से शेयर मार्केट में रुपये लगा मुनाफा कमाने का लालच देकर चार लाख 12 हजार रुपये की ठगी कर ली। पहले तो एक लाख रुपये लगवाकर मुनाफा दिखाया, लेकिन उसे निकलवाने के नाम और रुपये लगवाए। बाद में एप को ही बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।साइबर थाना में दी शिकायत में अशोका सिनेमा रोड कैथल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह शेयर मार्केट का काम करता है। उसने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर काफी मुनाफा कमाने की बात कही गई।

### जरुरतमंद बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले समाजसेवी राकेश सम्मानित

# 762 सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू, मौलिक शिक्षा अधिकारी ने खुद नए बच्चों पर बरसाए फूल

### बच्चों ने नए बच्चों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** सुल्तानपुर स्कूल में बच्चों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन करते डीईओ सुधीर कालड़ा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुल्तानपुर और भरेड़ी कलां में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही जिले के सभी 762 सरकारी स्कूलों में 15 दिनों के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया। इस अवसर पर दोनों स्कूलों में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, प्रिंसिपल नीरू गुप्ता, सेवानिवृत प्रिंसिपल जयप्रकाश, स्टाफ, ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा नव-प्रवेशित बच्चों का स्कूल पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर, फूलमालाएं पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिड डे मील में भी उनके लिए विशेष रूप से तैयार मिष्ठान परोसा गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा नए बच्चों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा स्वयं भी इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने प्रत्येक सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद प्रतिभागी बच्चों को अपने पास बुलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कालड़ा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रैल से पंद्रह अप्रैल तक प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। प्रत्येक स्कूल मुखिया को 100 प्रतिशत नामांकन तथा 100 प्रतिशत अवस्थांतरण का लक्ष्य दिया गया है। 100 प्रतिशत नामांकन का अर्थ है- साढ़े चार वर्ष से ऊपर की आयु के सभी बच्चों का आयु अनुरूप कक्षा में दाखिला और 100 प्रतिशत अवस्थान्तरण का मतलब है 31 मार्च को जितने भी बच्चे किसी कक्षा में पढ़ रहे थे 1अप्रैल को उन सभी बच्चों का अगली कक्षा में दाखिला। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय, कैरियर काउंसलिंग कॉर्नर, स्मार्ट डिजिटल क्लास बोर्ड तथा उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा के लिए सभी आवश्यक तत्व जैसे कि दाखिला, स्कूल बैग व पुस्तकें, स्टेशनरी, वर्दी, गुणवत्तापरक शिक्षा और मिड डे मील इत्यादि सब कुछ मौलिक शिक्षा की प्राप्ति तक उच्च क्वॉलिटी का और बिल्कुल मुफ़्त मिलता है। इसलिए हम सब लोगों को मिलकर स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करना है। दोनों विद्यालयों में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गत वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। शिक्षा विभाग के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकन अभियान को गति देने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने और सर्वे उपरांत क्रमशः 28 और 32 बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाने पर जीपीएस भरेड़ी कलां में सेवानिवृत प्रिंसिपल जयप्रकाश और जीपीएस सुल्तानपुर में समाज सेवी राकेश मेहता को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एमए हिंदी की छात्रा हिना ने मारी बाजी विश्वविद्यालय में प्राप्त किया दूसरा स्थान



**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) एमए हिंदी तीसरे समेस्टर की परीक्षा में छात्रा हिना ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 76% लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में हिना ने प्रथम , मनदीप कौर ने द्वितीय , प्राची और लविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने हिना को नकद धनराशि द्वारा पुरस्कृत किया। साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा में निरंतर आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ.रचना, डॉ.शर्मीला, प्रोफेसर निशा ने उनकी सफलता पर बधाई दी।


**शहजादपुर।** हवन यज्ञ में आहुतियां डालते शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

## हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ, छात्रों ने डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

- मिलकर स्कूल को उन्नति के पथ पर आगे ले जाने का संदेश दिया

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी में प्रवेश उत्सव के अवसर एवं नया सत्र की शुरुआत हवन का आयोजन कर किया गया जिसके यजमान सेवानिवृत अध्यापक चंद्र प्रकाश शास्त्री बने। हवन में स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया और उसके उपरांत प्रधानाचार्या दीपा कौशिक ने सभी स्टाफ सदस्यों को इस मौके पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों का नई कक्षाओं में स्वागत किया गया व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल को उन्नति के पथ पर आगे ले जाने का संदेश दिया। इस अवसर पर भारत भूषण, राजेश, संजीव कुमार, शीला, भारती, सुदेश, जगजीत कौर, मोनिका गुप्ता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# 11वीं कक्षा में जसमीत 87.2% अंक लेकर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर


**शहजादपुर।** नए शिक्षा सत्र के दौरान छात्रों को फूल देकर स्वागत करती टीचर।

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का सत्र 2024-2025 का 6 से 9 वीं एवं 11 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परिणाम गत वर्ष की तरह इस बार भी शत प्रतिशत रहा। परिणाम सुनकर बच्चों ने तथा उनके माता-पिता ने प्रसन्नता जाहिर की। कक्षा 6 में खुशी देवी ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, साक्षी ने 79.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और रिद्धि ने 79 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवीं कक्षा में मानसी ने 85.5 प्रतिशत प्रथम स्थान, खुशी सैनी ने 85 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और सिया ने 84.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 में लक्ष्मी ने 91 प्रतिशत प्रथम, रानी ने 90 प्रतिशत द्वितीय और प्रिया ने 87 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में ज्योति शर्मा ने 88.8 प्रतिशत प्रथम, सिया ने 87 प्रतिशत द्वितीय और श्वेता ने 84.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 11 वीं कक्षा में जसमीत ने 87.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, तन्वी ने 86 प्रतिशत द्वितीय और पल्लवी ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 11 वीं की जसमीत ने बताया कि उनकी सफलता का राज विद्यालय के मेहनती और अनुभवी स्टाफ का सहयोग रहा।

### ट्रॉफी दे सम्मानित किया

प्रधानाचार्या सुमन सिंह ने विभिन्न कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दे कर और अभिभावकों और बच्चों को लड्डू वितरित कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रांगण में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ एवं मंत्रों उच्चारण द्वारा किया गया। इस समारोह में बच्चे और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों को तिलक करके और हलवा वितरित कर प्रधानाचार्या सुमन सिंह ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर छात्राओं को उन्होंने कहा कि जैसे इस बार वार्षिक परिणाम 100 प्रतिशत रहा, आने वाले वर्ष में भी बच्चों की मेहनत का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने की आशा जताई। उन्होंने कहा कि इस सत्र से विद्यालय सीबीएसई होने जा रहा है।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

- समाजसेवी नरेंद्र बिलमा ने पहले तीन स्थान हासिल करने वाले छात्रों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना


मुलाना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे, स्कूल स्टाफ व समाजसेवी नरेंद्र बिलमा।

राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी नरेंद्र बिलमा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। खंड स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त पांचवी कक्षा की रीतिका व जिला स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पांचवी कक्षा की पलक को विशेष रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट परिणाम व अन्य उपलब्धियों में स्थान पाने वाले बच्चो को पुरस्कार दिए गए। स्कूल की अध्यापिकाओं ने बताया कि समाजसेवी नरेंद्र बिलमा का सहयोग समय समय और स्कूल को मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी बिलमा द्वारा विद्यालय प्रांगण में मिट्टी भराव व इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य करवाया गया। जिससे अब विद्यालय प्रांगण में पानी खड़ा रहने की समस्या का समाधान हो गया है। उन के द्वारा विद्यालय में छोटे गेट के स्थान पर बड़ा गेट लगवाया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्य रीना देवी व समता विद्यालय प्रभारी , रितू रानी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला

- ऑनलाइन शोध तकनीकों और ई-लाइब्रेरी सुविधाओं के प्रति छात्रों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** कार्यशाला के दौरान छात्रों को जानकारी देती पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. कौशल चौहान। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के पुस्तकालय विभाग की ओर से मंगलवार को डिजिटल लिटरेसी (डिजिटल साक्षरता) विषय पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल संसाधनों के कुशल उपयोग, ऑनलाइन शोध तकनीकों और ई-लाइब्रेरी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. कौशल चौहान रहीं जिन्होंने डिजिटल युग में सूचना तक आसान पहुंच, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन संसाधनों (ई-पुस्तकों, ऑनलाइन डेटाबेस और मुक्त स्त्रोत ई-संसाधनों) के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में छात्रों ने व्यावहारिक सत्रों में भाग लिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल, करमजीत कौर ने कार्यशाला के सफल संचालन पर शुभकामनाएं दीं। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता आधुनिक शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और ऐसे कार्यक्रम छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस आयोजन में 50 से अधिक संख्या में छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने इसे एक ज्ञानवर्धक और उपयोगी अनुभव बताया।

# नया विकल्प कर्मियों के भविष्य के लिए घातक

- पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों ने भाजपा के जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चल रहे देशव्यापी आंदोलन की कड़ी में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के बैनर तले पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कार्यकारिणी ने मंगलवार को भाजपा के जिला प्रधान को को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 और प्रदेश सरकार ने 1 जनवरी 2006 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बंद करके नई पेंशन स्कीम लागू की जिसके अंतर्गत कर्मचारी के वेतन में से 10 फीसदी और सरकारी खजाने से वेतन का 14 फीसदी हिस्सा शेयर बाजार के माध्यम से पूंजीपतियों के हवाले कर दिया जाता है। इससे कर्मचारी की जेब के साथ साथ सरकारी कोष भी जोखिम के अधीन चला जाता है।

### जताया विरोध

जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि।पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से लगातार पुरानी पेंशन के अधिकार को लेकर आंदोलनरत है। देश भर में नई पेंशन स्कीम के विरोध में उठ रही मजबूत आवाज गत वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के बीच केंद्र सरकार आंदोलन को शांत करने के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम के नाम से एक नया विकल्प लेकर आई, जिसका विस्तृत अध्ययन करने पर पता चलता है कि ये नया विकल्प कर्मचारियों के भविष्य के लिए और भी ज्यादा घातक है। जो एनपीएस में दिए जाने वाले लाभों को भी समाप्त कर देता है।उन्होंने बताया कि आज सभी विभागों के कर्मचारियों ने यूपीएस के विरोध में अपने कार्यस्थल पर काले कपड़े पहन कर काला दिवस मनाया।

# नहीं बिका पहले दिन एक भी दाना

- प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार गेंहू की सरकारी खरीद मंगलवार से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** सूनी पड़ी अनाज मंडी। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार गेंहू की सरकारी खरीद मंगलवार से शुरू हो गई । मगर नारायणगढ़ व इसके साथ जुड़ी बेरखेड़ी व भरेड़ी क्लां अनाज मंडियों में एक भी दाना गेंहू का नहीं आया। अनाजमंडी में गेंहू की सरकारी खरीद का जिम्मा सप्ताह में 3 दिन सोमवार,बुधवार तथा शुक्रवार को हैफेड तथा मंगलवार, वीरवार व शनिवार को वेयरहाउस को दिया गया है। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड का कहना है कि उनके पास गेंहू खरीद की पूरी तैयारियां है तथा बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में है। इसी प्रकार बेरखेड़ी अनाजमंडी में गेंहू की सरकारी खरीद का जिम्मा भी हैफेड को दिया गया है तथा भरेड़ी कलां अनाजमंडी में गेंहू खरीद का जिम्मा वेयरहाउस को दिया गया है। मौसम में नमी होने के चलते अभी मंडियों में गेंहू लगभग 10 तारीख तक आ जाने की सम्भावना है।

### गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा सनातन धर्म मंदिर में भजन संध्या आयोजित

# माता रानी के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- कार्यक्रम में 11 गायकों ने माँ दुर्गा के भजनों की प्रस्तुतियों से समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान माता के दरबार में मौजूद गायक। *फोटो : हरिभूमि*

गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला शाखा द्वारा सनातन धर्म मंदिर में सोमवार सांय भजन संध्या /"दाती दा दरबार/" आयोजित की गई। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन प्रभारी सुशील गोयल ने बताया कि धार्मिक ग्रुप /"भक्ति सागर/" द्वारा चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में 11 गायकों ने माँ दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित बुद्धि वल्लभ त्रिपाठी और पंडित प्रवेश उनियाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम, सनातन धर्म सभा के प्रधान ताराचंद गुप्ता, महासचिव सुधीर बिंदलस, चेयरमैन लक्ष्मीनारायण खन्ना, राकेश गुप्ता, प्रमोद गर्ग, ओम प्रकाश सिंघल,सुनील अग्रवाल, कमल धीमान,आर के मंगला,नाहन से आर के गुप्ता और अशोक सिंगला आदि पदाधिकारियों से मां दुर्गा पूजन संपन्न कराया। तत्पश्चात मां की पावन जोत प्रज्वलित करके चुनरी रस्म की गई। इसके पश्चात गणेश स्तुति,सरस्वती एवं गुरु वंदना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने /"मन ले के आया माता रानी के भवन में/" .... व /"प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी/"...,सिंगर इंद्र परुथी ने /"सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली,बिगड़े बना दे मेरे काम दातिए/"..., पुलिस अधिकारी सुनील वत्स ने /"दुर्गा है मेरी मां अंबे है मेरी मां/"...,विकास शर्मा ने /"आ जा मां तैनू अंखियां उड़कि दियां/"...,ललित वर्मा ने /"तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए/"...,संजीव वशिष्ठ ने /"भोर भई दिन चढ़ गया मेरी अम्बे, हो रही जय-जयकार मंदिर विच/" ...,सक्षम शर्मा ने /"दाती दे दरबार कंजका खेड़दियां/"...,डॉ.सरिता भाटिया ने /"ओ जंगल के राजा मेरी मैय्या को ले के आ जा/"..., शशि दुआ ने /"चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है इत्यादि भजनों की प्रस्तुतियां दी।